## राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

## **कनिष्ट लिपिक ऑनलाईन परीक्षा के सम्बंध में दिशा निर्देश**

1– अभ्यर्थियों को परीक्षा से एक घण्टे पूर्व उपस्थित होने को कहा गया है ताकि उन्हें परीक्षा से पूर्व परीक्षा सम्बंधी ब्रीफिंग दी जा सके और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया जा सके। इसके लिए परीक्षा कक्ष में जाने से पूर्व निर्धारित ब्रीफिंग कक्ष में उपस्थित हों। यदि ब्रीफिंग कक्ष में स्थान का अभाव हो, तो आप निर्धारित स्थान पर बैठकर प्रतीक्षा करें।

2– आशा है आपने ऑनलाईन परीक्षा के सम्बंध में आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रायोगिक टेस्ट को देख लिया होगा और उसकी प्रक्रिया को समझ लिया होगा, फिर भी यदि किसी बिन्दु पर आपको अस्पष्टता है, तो ब्रीफिंग के समय आप उसका समाधान कर लें।

3– यदि आपने प्रायोगिक टेस्ट को पहले से नहीं देखा है, तो भी परेशान होने की आवश्यकता नहीं है और आप ब्रीफिंग में इस प्रक्रिया को देखकर समझ सकते हैं। परीक्षा कक्ष में भी किसी समय कोई दिक्कत आने पर समाधान के लिए समुचित कार्मिक उपलब्ध रहेंगे।

4– ऑनलाईन परीक्षा के दिशा–निर्देश पूर्व में आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिये गये थे एवं आशा है कि आपने उन्हे भलीभांति देख लिया होगा। कनिष्ठ लिपिक प्रायोगिक परीक्षा के अन्तर्गत 4 प्रश्नप्रत्र होंगे**,** जिनका वर्गीकरण निम्नानुसार है–

| **प्र.पत्र सं.** | **विषय** | **समय** | **अंक** | **अर्हता हेतु न्यूनतम प्राप्तांक** |
|---|---|---|---|---|
| **1** | **हिन्दी गति परीक्षण** | 10 मिनट | 25 | **9** |
| **2** | **अंग्रेजी गति परीक्षण** | 10 मिनट | 25 | **9** |
| **3** | **हिन्दी दक्षता परीक्षण** | 10 मिनट | 25 | **9** |
| **4** | **अंग्रेजी दक्षता परीक्षण** | 10 मिनट | 25 | **9** |

5– गति परीक्षण में अभ्यर्थियों को दोनों भाषाओं में प्रश्न पत्र परिच्छेद (Paragraph) के रूप में दिये जाएंगे, अंग्रेजी में प्रत्येक परिच्छेद 450 से 500 शब्दों का होगा एवं हिन्दी में परिच्छेद 350 से 400 शब्दों का होगा एवं दोनों भाषाओं हेतु 10–10 मिनिट दिये जाएंगे व हिन्दी भाषा पश्चात अंग्रेजी भाषा की परीक्षा के मध्य 1 मिनिट दिया जाएगा।

6– अंक अंग्रेजी में प्रत्येक 100 सही शब्द पर 5 अंक निर्धारित होंगे तथा हिन्दी में प्रत्येक 80 सही शब्द पर 5 अंक निर्धारित होंगे।

7– दक्षता परीक्षा सभी अभ्यर्थियों की होगी किन्तु मूल्यांकन प्रक्रिया में केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को सम्मिलित किया जाएगा, जो गति परीक्षण में उक्तानुसार न्यूनतम अर्हता प्राप्त कर लेंगे। अभ्यर्थियों के प्रश्न–पत्र के मूल्यांकन हेतु ऋणात्मक अंक की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी। ऋणात्मक अंकन हेतु परिगणित कतिपय सामान्य त्रुटियों की सूची निम्नानुसार हैः–

- गलत वर्ण, शब्द या अंक लिखना
- वर्णों, शब्दों या अंकों का छूटना
- वर्णों, शब्दों, अंकों या पंक्ति की पुनरावृत्ति करना
- विराम चिह्नों का गलत प्रयोग करना या गलत जगह प्रयोग करना
- परिच्छेद व शब्द–अंतराल में त्रुटि करना
- अंग्रेजी में कैपिटल एवं स्माल लेटर का गलत प्रयोग करना
- हिन्दी में मात्राओं का गलत प्रयोग करना।

ऋणात्मक अंकन में प्रत्येक त्रुटि के लिए 0.1 अंक काटे जाएंगे।


8– दक्षता परीक्षा मे प्रत्येक प्रश्न पत्र में 2–2 भाग होंगे जिसमें 5–5 मिनिट दिये जावेंगे व प्रत्येक प्रश्न पत्र की परीक्षा के मध्य 1 मिनिट दिया जावेगा। दक्षता परीक्षा में प्रथम भाग के अन्तर्गत प्रश्न एक्सेल सारणी (Excel Table) के रूप में दिये जाएंगे, जिनमें आंकड़ों का अंकन (Data Entry) एवं सूत्र–संयोजन करते हुए सामान्य कार्यालयोपयोग आधरित प्रश्नों (जैसे योग, औसत, प्रतिशत आदि की गणना) को हल करना होगा। इस भाग के कुल अंक 15 होंगे।

9– दक्षता परीक्षण के द्वितीय भाग के अन्तर्गत कार्यालय संबंधी पत्राचार के प्रारूप से संबंधित प्रश्न दिए जायेंगे, जिसके अन्तर्गत अभ्यर्थी को एक परिच्छेद के रूप में पत्र का सारभाग (Content) दिया हुआ होगा और उसे

अभ्यर्थी को मानक पत्राचार प्रारूप के रूप में संयोजित करना होगा। इस मे दिये गये परिच्छेद हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में अलग–अलग दिये जावेंगें। इसकी मूल्यांकन प्रक्रिया में केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को सम्मिलित किया जाएगा, जो प्रथम भाग में न्यूनतम अर्हता प्राप्त कर लेंगे। इस भाग के कुल 10 अंक होंगे।

10– अंग्रेजी टाईप के लिये प्रचलित फोंट का प्रयोग किया जायेगा तथा हिन्दी टाईपिंग के लिये रैमिंगटन टाईप की–बोर्ड एवं DevLys फोंट का प्रयोग किया जाना होगा।

## Hindi Keyboard




**नोटः– यह की–बोर्ड केवल दृष्टांत रूप है, इसे DevLys फोंट के अनुरूप चैक कर लेवें।**

11– दिशा–निर्देशों मे दिया गया की–बोर्ड (Keyboard) की कुछ की **DevLys** फोंट के अनुरूप दृष्टांत से भिन्न हो सकती है ।

12– अभ्यर्थी को चारों प्रश्न पत्रों में दोनों भाषाओं की गति व दक्षता परीक्षण की परीक्षा देना अनिवार्य है, अन्यथा वह अनुत्तीर्ण माना जायेगा।

13– परीक्षा शुरू होने से पहले अभ्यर्थी को दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लेना चाहिये तथा अपनी आवश्यक सूचनाओं की प्रविष्टि कम्प्यूटर पर ध्यानपूर्वक करें।

14– अभ्यर्थी परीक्षा हाल में अपनी जगह पर बैठने के पश्चात् कृपया सुनिश्चित कर लेंवे कि कम्प्यूटर सही ढंग से कार्य कर रहा है तथा की–बोर्ड एवं माउस भी पूर्ण रूप से सही कार्य कर रहे हैं। परीक्षा शुरू होने के पूर्व उपरोक्त के बारे में अभिजागर को सूचित नहीं करने की दशा में सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

15– अभ्यर्थी द्वारा एक बार टेस्ट बटन शुरू करने के बाद व सीधा पूर्ण समय होने के बाद ही रुकेगा, अतः अभ्यर्थी इस बात का ध्यान रखें कि समय को नष्ट किये बगैर दिये गये प्रश्न पत्र को पूर्ण रूप से सही टाईप/प्रविष्टियाँ करने की कोशिश करें।

16– दोनो भाषाओं में गति/दक्षता परीक्षण परीक्षा देने के पश्चात् अभ्यर्थी को प्रश्न–पत्र व उसके द्वारा टाईप किया हुआ पत्रक आयोग द्वारा डाउनलोड हेतु उपलब्ध करा दिया जाएगा। जिसकी जानकारी आयोग द्वारा बाद में दी जावेगी।

17– परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, मोबाइल फोन इत्यादि का प्रयोग वर्जित रहेगा।

18– आनलाईन प्रायोगिक परीक्षा के संबंध मे अपना फीड–बैक दे सकते है । इसके लिए अपने रोल नम्बर के साथ अपना विचार आयोग के समक्ष तीन दिन के भीतर प्रेषित कर दें।

19– परीक्षा की अभ्यर्थीवार रिपोर्ट आयोग की वेबसाइट पर ही डाल दी जाएगी। अभ्यर्थी उसे वहां से डाउनलोड कर सकते हैं।

20– कम्प्यूटर पर ऑन लाइन परीक्षा से पूर्व अथवा परीक्षा समय में परीक्षा सॉफ्टवेयर के अतिरिक्त किसी अन्य सॉफ्टवेयर को नहीं खोलें अन्यथा इससे होने वाली समस्या के आप स्वंय जिम्मेदार होगें।

21– परीक्षा के दौरान Control Key का उपयोग नहीं करें ।

22– कहीं टाईप करतें समय यदि किसी अवांछित कुजीं के दब जाने से हिन्दी में मात्रा संबधित समस्या आ रही है तो एक बार बैक स्पेस दबाकर सही कर सकते है । Backspace Key के उपयोग से कोई नेगेटिव मार्किगं नहीं होगी ।

23– परीक्षा के दौरान हिन्दी मात्राओं के संबंध में आप टाईपिगं पर ध्यान दें अनावश्यक समय नष्ट नहीं करें ।

24– ऐक्सल जैसी दिखनें वाली टेबल में आपको डेटा ऐन्ट्री करनी है व फार्मूला वाले स्थान पर सूत्र लिखने को निर्देशित किया गया है।

25– परीक्षा में यथा संभव किसी शॉर्टकट–की का प्रयोग नहीं करें।


26– पत्र का प्रारूप में आपको अपनी ओर से कुछ नहीं लिखना है वरन आपको दिये पत्र को ही सेट करना है एवं सेट करते समय एन्टर, टेब, बेकस्पेस, स्पेस की का प्रयोग कर सकते हैं।

27– पूरी ऑन–लाइन परीक्षा में माउस का उपयोग आवश्यकता होने पर किया जा सकता है।


28– यदि किसी कारण से हार्डवेयर या सॉफ्टवेयर में समस्या आ रही है, तो अभिजागर को तुरन्त सूचित करें।

29– आपको परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व अपना रोल नम्बर एंव पासवर्ड हेतु आवेदन क्रमांक का उपयोग करना है । उक्त रोल नम्बर एंव आवेदन क्रमांक आपके प्रवेश पत्र पर अंकित है।


31– ऑनलाईन परीक्षा में सर्वप्रथम आपको उपलब्ध कराये गये कम्प्यूटर पर आपसे रोल नम्बर पूछा जावेगा व परीक्षा से पूर्व उपलब्ध कराये गये पासवर्ड को यूज करना होगा। उसके बाद आप दिये गये Submit बटन को दबायेंगे। कम्प्यूटर पर दर्श्य निम्नाप्रकार होगा –





6 – इसके बाद आपको दिशा–निर्देश की स्क्रीन दिखेगी जिसे आप तय समय में पढ सकतें है जिसकी जानकारी निम्नानुसार आपको दिखेगी –




7– उक्त दिखनें वाले पृष्ट मे दिये गये दिशा–निर्देशों हेतु समय 00:00 होते अथवा खत्म होते ही Begin Exam बटन स्वतः ही active हो जावेगा जिसे आपको ऑनलाईन परीक्षा हेतु दबाना है । इससे पूर्व आपको ऑनलाईन परीक्षा की सभी शर्तो की सहमति हेतु दिये गये बटन पर क्लिक कर सही निशान का अंकन करना होगा।





8– गति परीक्षण में हिन्दी भाषा में ऑनलाईन परीक्षा की स्क्रीन निम्नानुसार होगी –




उक्त स्क्रीन में बांये ओर परीक्षा के वर्गीकरण एवं समय सीमा के साथ अभ्यर्थी की जानकारी होगी व दांये ओर स्क्रीन दो भागों में विभाजित है जिसमें ऊपर की ओर हिन्दी एवं अंग्रेजी मे परिच्छेद (Paragraph) के रूप में दिया गया है व निचलें भाग में अभ्यर्थी को वेसा ही तय समय में टाईप करना है । स्क्रीन के सबसे ऊपर दिया गया समय सभी परीक्षाओं का कुल समय दर्शा रहा है । आप जब टाईप करेंगें तो कुछ इस प्रकार स्क्रीन दिखेगी–





समय खत्म होते स्क्रीन पर समय खत्म होने का संकेत आवेगा साथ ही अगली परीक्षण परीक्षा हेतु समय का संकेत भी होगा कि कितने समय में अगला परीक्षण प्रारम्भ होगा। उदाहरण के लिये निम्न स्क्रीन में समय खत्म होने व आगामीं परीक्षण 2 सैकिण्ड मे आरम्भ होनें का संकेत है । आपको अगला परीक्षण के मध्य 1 मिनिट दिया जावेगा।





इसी प्रकार हिन्दी भाषा के गति परीक्षण उपरान्त अंग्रेजी मे परिच्छेद (Paragraph) के रूप में मिलेंगा व अगला परीक्षण के मध्य 1 मिनिट दिया जावेगा।


इसके बाद अगले परीक्षण में दक्षता परीक्षा के प्रथम भाग के अन्तर्गत प्रश्न एक्सेल सारणी (Excel Table) के रू᳭ हिन्दी में व अंग्रेजी में दिया जावेंगा। जिसमें आंकड़ों का अंकन (Data Entry) एवं सूत्र–संयोजन करते हुए सामान्य कार्यालयोपयोग आधरित प्रश्नों (जैसे योग, औसत, प्रतिशत आदि की गणना) को हल करना है । एक्सेल सारणी में कॉलम मे टेब की TAB key का उपयोग कर एक कॉलम से दूसरे कॉलम जा सकतें है। उदाहरण के लिए अंग्रेजी में स्क्रीन कुछ निम्न प्रकार होगी।





समय खत्म होते स्क्रीन पर समय खत्म होने का संकेत निम्न प्रकार आवेगा –





अगले परीक्षण में दक्षता परीक्षा के द्वितिय भाग के अन्तर्गत अंग्रेजी भाषा में कार्यालय संबंधी पत्राचार के प्रारूप से संबंधित अभ्यर्थी को एक परिच्छेद के रूप में पत्र का सारभाग (Content) दिया हुआ है और उसे अभ्यर्थी को मानक पत्राचार प्रारूप के रूप में संयोजित करना है। निम्न स्क्रीन मे दिये गये परिच्छेद अंग्रेजी भाषा में दर्शाया गया है




समय खत्म होते स्क्रीन पर समय खत्म होने का संकेत आवेगा । हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में दक्षता परीक्षण समय खत्म होते स्क्रीन पर समय खत्म होने का संकेत निम्न प्रकार आवेगा –




ओर जैसे ही अभ्यर्थी परीक्षा खत्म होने का बटन क्लिक करेगा निम्न स्कीन आवेगी व अभ्यर्थी को ऑनलाईन फीडबैक फार्म उपलब्ध होगा।




https://rajhindinews.com/rssb-rsmssb-ldc-typing-hindi-english/

https://rajhindinews.com